

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

*संख्या–99/2025*

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

## राज्यपाल ने चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज के अवसर पर <u>बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी</u>

**पटना 22 अक्टूबर, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज के अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान चित्रगुप्त लोगों के कर्मों का लेखा–जोखा रखते हैं और तदनुरूप उन्हें फल मिलता है। भाई दूज के अवसर पर बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। यह त्योहार भाई–बहन के प्रेम की अभिव्यक्ति है। ये दोनों त्योहार हमारी अनूठी संस्कृति के अंग हैं और हमें इन्हें उल्लासपूर्वक मनाना चाहिए।

............................................